तैयारी तेज. चुनाव आयोग ने सभी डीएम को दिया निर्देश

विधानसभा चुनाव के लिए 72723 बूथों की होगी जांच

संवाददाता ▷ पटना

इस साल अक्तूबर-नवंबर में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राज्य के सभी 72 हजार 723 बूथों की जांच शुरू होगी. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीइओ) एचआर श्रीनिवास ने चुनाव तैयारी को आगे बढ़ाते हुए मंगलवार को सभी डीएम को इस आशय का निर्देश जारी किया. सभी डीएम मतदाता सूची के साथ सभी बूथों का भौतिक रूप से जाकर जायजा लेंगे. सीइओ ने डीएम को यह भी निर्देश दिया है कि वह हर मतदान क्षेत्र में संभावित भवनों को भी चिह्नित करके रखें, जिनका उपयोग चुनाव के समय किया जा सकता है.

उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बैजूनाथ कुमार सिंह ने बताया कि सभी डीएम को बूथों की भौतिक स्थिति की जांच करने का निर्देश दिया गया है. इसमें यह जांच किया जाना है कि जो बूथ बनाया गया है, उसका भवन किस स्थिति में है. राज्य के ग्रामीण इलाकों में 64,484 बूथ हैं. वहीं, शहरी क्षेत्र में कुल 8,239 ● बाकी पेज 11 पर

8,239
बूथ पहले से शहरी क्षेत्र में हैं चिह्नित

64,484
बूथ हैं ग्रामीण इलाकों में

जिला स्तर पर बूथों की स्थिति

जिला	शहरी बूथ	ग्रामीण बूथ
प. चंपारण	247	2256
पूर्वी चंपारण	242	3027
शिवहर	16	272
सीतामढ़ी	132	2213
मधुबनी	73	3096
सुपौल	71	1388
अररिया	118	1605
किशनगंज	102	963
पूर्णिया	233	1824
कटिहार	193	1736
मधेपुरा	68	1217
सहरसा	131	1173
दरभंगा	276	2479
मुजफ्फरपुर	306	2919
गोपालगंज	24	1882
सीवान	140	2282
सारण	321	2603
वैशाली	175	2248
समस्तीपुर	85	2725
बेगूसराय	319	1625
खगड़िया	58	1044
भागलपुर	409	1693
बांका	47	1444
मुंगेर	259	732
लखीसराय	93	603
शेखपुरा	79	418
नालंदा	365	1883
पटना	2037	2583
भोजपुर	332	1890
बक्सर	123	1142
कैमूर	54	1152
रोहतास	273	1941
अरवल	00	257
जहानाबाद	99	758
औरंगाबाद	170	1753
गया	354	2754
नवादा	125	1540
जमुई	90	1173

इन बातों की होगी जांच

1. जो बूथ बनाया गया है, उसका भवन किस स्थिति में है?
2. इन बूथों तक मतदाताओं को पहुंचने का मार्ग सही है या नहीं?
3. मतदाताओं को बूथ पर दी जाने वाली सुविधाओं की स्थिति क्या है?